# सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत



## दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे का मामला

**जबेरा, देशबन्धु।** जबेरा थाना अंतर्गत दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। सिंग्रामपुर के घने जंगलों के बीच एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई।

**सिंग्रामपुर से दमोह जा रहा था युवक**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिंग्रामपुर का निवासी 23 वर्षीय राज सोनकर पिता उत्तम सोनकर, शुक्रवार दोपहर को अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी निजी कार्य से दमोह की ओर जा रहा था। दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही उसकी बाइक सिंग्रामपुर के घने जंगलों के बीच से गुजरी, तभी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राज का सिर वाहन की चपेट में आ गया। सिर में गंभीर चोट होने की वजह से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

दुर्घटना को अंजाम देने के बाद चालक अपने वाहन सहित मौके से तेजी से फरार हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संभाला मोर्चा जंगल के रास्ते से गुजर रहे अन्य राहगीरों ने जब लहूलुहान शव और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को देखा, तो तुरंत इसकी सूचना जबेरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जबेरा थाने से प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव और प्रेम बैरागी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और मृतक की जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान राज सोनकर के रूप में की। इसके तुरंत बाद पुलिस ने परिजनों को इस दुखद घटना की सूचना दी।

**अस्पताल में पंचनामा और पोस्टमॉर्टम, परिजनों में मचा कोहराम**

पुलिस ने राहगीरों की मदद से शव को हाईवे से उठाकर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा भिजवाया। अस्पताल में पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार किया, जिसके बाद डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमॉर्टम किया। जैसे ही हादसे की खबर मृतक के गांव सिंग्रामपुर पहुंची, पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया। रोते-बिलखते परिजन जबेरा अस्पताल पहुंचे, जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम की वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जवान बेटे का शव देख माता-पिता और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

जबेरा थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जंगल के इस मार्ग और आसपास के ढाबों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके।

# शिक्षा व्यवस्था की तैयारियों की कलेक्टर ने की व्यापक समीक्षा नामांकन से लेकर छात्रावास व्यवस्थाओं तक के दिए सख्त निर्देश

## छपारा, लखनादौन एवं घंसौर के अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग एवं जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों, विद्यार्थियों के नामांकन, पुस्तक एवं साइकिल वितरण, अपार आईडी निर्माण, छात्रावास व्यवस्थाओं तथा विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने सर्वप्रथम कक्षा पहली में बच्चों के नामांकन की स्थिति का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि कोई भी पात्र बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहे। उन्होंने घर-घर सर्वे अभियान चलाकर स्कूल से बाहर एवं छूटे हुए बच्चों का चिन्हांकन कर उनका तत्काल नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य कक्षाओं में भी नामांकन की प्रगति की समीक्षा की। कक्षावार ट्रांजिशन का अवलोकन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर विद्यार्थियों का ड्रॉपआउट न हो तथा सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

बैठक में पाठ्यपुस्तक वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शेष विद्यार्थियों तक समय पर पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा 6वीं एवं 9वीं के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की प्रगति का भी अवलोकन किया। साथ ही विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाए जाने की प्रगति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि स्कूलवार विशेष शिविर आयोजित कर शेष सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी शीघ्र तैयार की जाए। समीक्षा के दौरान नामांकन, ट्रांजिशन, पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, अपार आईडी निर्माण सहित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं योजनाओं में छपारा, लखनादौन एवं घंसौर विकासखंडों की अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर कलेक्टर नेहा मीना ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित खंड स्तरीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए सभी योजनाओं एवं गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जर्जर स्कूल भवनों एवं छात्रावासों के चिन्हांकन की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे संस्थानों का संचालन सुरक्षित वैकल्पिक भवनों में किया जाए। उन्होंने जर्जर एवं अनुपयोगी भवनों को नियमानुसार डिस्मेंटल करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने को भी कहा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अंजली शाह सहित स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग एवं जिला शिक्षा केंद्र के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### भव्य श्याम मोपेड रैली का आयोजन आज

**सिवनी, देशबन्धु।** श्री श्याम परिवार समिति सिवनी द्वारा खाटू वाले श्री श्याम बाबा के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में आज 13 जून, शनिवार को एक विशाल एवं आकर्षक श्याम मोपेड रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली प्रातः 8 से 10 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त अपने मोपेड एवं दोपहिया वाहनों के साथ शामिल होकर बाबा श्याम के जयकारों से नगर को भक्तिमय बनाएंगे। रैली का शुभारंभ मठ मंदिर सिवनी से होगा तथा यह रैली अग्रवाल धर्मशाला, नेहरू रोड, शुक्रवारी, बारापत्थर, बड़े मिशन स्कूल, सर्किट हाउस के सामने, दलसागर तालाब, लक्ष्मीनारायण मंदिर, गंगानगर एवं गंज वार्ड होते हुए नागपुर रोड स्थित श्रीश्याम मंदिर में संपन्न होगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रैली का उद्देश्य बाबा श्याम के प्रति श्रद्धा, भक्ति एवं प्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाना तथा आगामी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रति लोगों को आमंत्रित करना है। रैली में शामिल सभी श्रद्धालु भगवा एवं श्याम निशान के साथ बाबा के जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण करेंगे। समिति ने नगर के समस्त श्याम भक्तों, युवाओं एवं महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में रैली में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। साथ ही सभी प्रतिभागियों से हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने एवं अनुशासन बनाए रखने का अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि नागपुर रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 15, 16 एवं 17 जून को तीन दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, निशान यात्रा, भजन संध्या एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा।

### जनकल्याण शिविर आयोजित




**गोटेगांव, देशबन्धु ।** जनपद पंचायत परिसर के सभाकक्ष में जनकल्याण अभियान शिविर का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक महेंद्र नागेश ने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध रूप से पहुँचे। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, हितग्राहियों के सत्यापन एवं योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा हमारी सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और कल्याण का लाभ पहुँचाने के लिए संकल्पित है। इसी भावना के अनुरूप अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।हमारा लक्ष्य केवल योजनाएँ बनाना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक तक उनका लाभ सुनिश्चित कर आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं विकसित समाज का निर्माण करना है।

# सूने घर से नगदी-जेवरात चोरी



**सिवनी, देशबन्धु ।** घंसौर क्षेत्र में एक सूने मकान से नगदी और जेवरात की चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने गुरुवार देर रात घर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, घंसौर निवासी संतोष पन्द्राम अपने परिवार के साथ किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। देर रात जब वे वापस लौटे, तो उन्हें घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के भीतर प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि अलमारी और बक्सों के ताले भी टूटे हुए थे और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था।

**नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार** - घर की तलाशी लेने पर पता चला कि अज्ञात चोर नगदी सहित कीमती सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए हैं। चोरी की इस घटना से क्षेत्र के लोगों में चिंता का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन चोरों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में नियमित रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

**अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी पुलिस** - सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई है। पुलिस का कहना है कि चोरी करने वाले अज्ञात आरोपियों की पहचान के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है और संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने रोपे पौध, ब्रम्हांड घाट पर की सफाई



**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** मां नर्मदा अंचल क्षेत्र के अंतर्गत भगवान ब्रह्मा की तपस्या स्थल ब्रह्मांड घाट में मध्य प्रदेश शासन के ग्रामीण विकास पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने स्थानीय विश्रामगृह बरमान कला में विश्राम किया और मां नर्मदा आश्रम में पौधरोपण कर मां नर्मदा घाट पर साफ-सफाई कर संगोष्ठी में मां नर्मदा क्षेत्र को स्वच्छ रखने का आग्रह किया।

**मां नर्मदा आश्रम स्थल में पंचायत एवं ग्रामीण विकास कैबिनेट मंत्री ने किया पौधरोपण** - सुबह 7:15 बजे प्रहलाद पटेल ने मां नर्मदा आश्रय स्थल चांवरपाठा कच्चे रास्ते के किनारे पर पौधरोपण किया। प्रहलाद पटेल के विशेष प्रयासों से मां नर्मदा पैदल परिक्रमावासियों के लिए लगभग 60 लाख रुपए की लागत से यहां मां नर्मदा आश्रम बनाया गया है।

**मां नर्मदा घाट पर कैबिनेट मंत्री पंचायत ग्रामीण विकास के मार्गदर्शन में घंटों चला सफाई अभियान** - मां नर्मदा के भक्त बाबा श्री जी के शिष्य प्रहलाद पटेल ने मां नर्मदा घाट पर सफाई अभियान किया और उनके मार्गदर्शन में अनेक भक्त शिवाजी क्लब एवं बाहर से आए विद्यार्थी स्थानीय जनप्रतिनिधि भाजपा के नेता कार्यकर्ता नर्मदा भक्त बुद्धिजीवी धर्मप्रेमी बंधु क्षेत्र नागरिक पत्रकार अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारियों नगर एवं ग्रामवासियों सभी ने मिलकर स्वच्छता अभियान में अपने सहयोग किया।

**मां नर्मदा स्वच्छता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया** - इस अवसर पर मां नर्मदा के किनारे टीन शेड में मां नर्मदा स्वच्छता एवं जागरूकता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मां नर्मदा को स्वच्छ एवं गंदगी नहीं करने के संबंध में जिला भाजपा अध्यक्ष पं. रामस्नेही पाठक ने बताया कि मां नर्मदा के क्षेत्र में स्वच्छता रखना सभी की जिम्मेदारी है और इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान प्रहलाद पटेल ने कहा कि मां हमारी आस्था का केंद्र है और जीवनदायनी भी हैं। मां नर्मदा के क्षेत्र में बुंदेलखंड का प्रमुख महत्वपूर्ण धाम तीर्थ होने के कारण एक प्रमुख धार्मिक केंद्र के साथ आध्यात्मिक एवं धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और पर्वों पर पर लाखों श्रद्धालु मां के दरबार में आते हैं इस तीर्थ क्षेत्र और मां के आंचल को स्वच्छ बनाने में सभी सहयोग प्रदान करें। इसमें गंदगी स्वयं न फैलाने दें।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन जालम सिंह पटेल, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष महेंद्र पीतमपुरी, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. अनंत दुबे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता राजेंद्र ठाकुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनमोहन साहू, जिला भाजपा महामंत्री बंटू विधायक प्रतिनिधि राजेश रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष दीपक राय, मंडल महामंत्री पंकज मोदी आदि वर्तमान पूर्व जनप्रतिनिधि मंडल के वर्तमान पूर्व पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर गजेंद्र नागेश तहसीलदार करेली, जनपद सीईओ करेली जनपद सीईओ चांवरपाठा जिला जनपद के अनेक अधिकारी-कर्मचारी युवा नेता एवं पत्रकार ठाकुर वीरेंद्र सिंह, अधिमान पत्रकार जीवेश चौरसिया, पत्रकार राजकुमार कौरव, पत्रकार सुभाष तिनगुरिया, ऋषि पचौरी आदि उपस्थित थे।

# एशिया कप की स्टार खिलाड़ी नौशीन नाज का कलेक्टर ने किया सम्मान



## कांस्य पदक और 12 गोल की ऐतिहासिक उपलब्धि पर किया उत्साहवर्धन

## रेडक्रॉस से प्रदाय की गई 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

**सिवनी, देशबन्धु ।** एशिया कप 2026 में अंडर-18 भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक दिलाने तथा टूर्नामेंट में सर्वाधिक 12 गोल दागकर देश और जिले का नाम रोशन करने वाली सिवनी की प्रतिभावान खिलाड़ी नौशीन नाज से कलेक्टर नेहा मीना ने सौजन्य भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती मीना ने नौशीन नाज को पुष्पमाला, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने नौशीन की उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि उनकी सफलता जिले की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर नौशीन नाज ने अपने खेल जीवन के संघर्ष, प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य वर्ष 2032 के ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश के लिए पदक जीतना है। नौशीन के इस संकल्प और समर्पण की सराहना करते हुए कलेक्टर नेहा मीना ने उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप 50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया तथा उनके बेहतर अभ्यास और खेल प्रदर्शन के लिए हॉकी किट उपलब्ध कराने की बात कही।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने नौशीन की दोनों बहनों तहुर नाज एवं तबारिका नाज, उनके माता-पिता, प्रशिक्षक तथा खेल विभाग को भी बधाई देते हुए कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता में परिवार, कोच और सहयोगी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

गौरतलब है कि नौशीन नाज ने एशिया कप 2026 में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल भारतीय टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया, बल्कि सर्वाधिक 12 गोल कर अपनी प्रतिभा का भी शानदार परिचय दिया है।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 13 जून 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, जेष्ठ कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र- कृतिका**

मेष - दिन के आरंभ में नए काम की शुरुआत को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। शरीर और मन की स्वस्थता भी आपके उत्साह को दोगुना कर देगी। स्नेही मित्रों के साथ समारोह में जाना हो सकता है।

वृषभ - घर के सदस्यों के साथ आप आवश्यक चर्चा करेंगे। घर की सुंदरता बढ़ाने में व्यस्त रहने वाले हैं। मां का विशेष आशीर्वाद मिलेगा। कार्यालय में अधिकारियों के साथ मधुर संबंध बनेंगे।

मिथुन - आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा।

कर्क - आज आपका व्यवहार लोगों के साथ अच्छा रहेगा। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। शुरुआत में आपको ऐसा लगेगा, जैसे आपके प्रयास गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हो।

सिंह - आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ और चिंता में रहेंगे। किसी बात को लेकर गुस्से में रह सकते हैं। दोपहर बाद स्थिति में सुधार होगा।

कन्या - आज नए काम और प्रवास ना ही करें। आध्यात्मिक क्षेत्र में आज सिद्धि प्राप्त होने का योग है। स्वास्थ्य में शिथिलता का अनुभव होगा। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

तुला - आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिक - आज का आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा।

धनु - आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी।

मकर - आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन-ज़ायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें। मानसिक चिंता रहेगी। आज जिद्दी व्यवहार टालिएगा।

कुंभ - आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी, लेकिन कोई अति महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। साहित्य से जुड़े काम के लिए दिन अच्छा है।

मीन - आज आप ज्यादा स्वार्थी ना बनें और दूसरों को भी महत्व दें। घर, कुटुंब तथा व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छा व्यवहार दूसरों से आपके संबंध बनाए रखेगा।

3,8,4,9,82,44,93,26,76,14,68

# श्रीधाम स्टेशन में व्यवस्था के अभाव से यात्री परेशान!




## नलों के आसपास लगी काई, रेल आहार केंद्र बंद

**गोटेगांव, देशबन्धु।** श्रीधाम रेलवे स्टेशन की एक अलग ही व्यवस्था है जो समूचे रेल खंड में देखने को नहीं मिलेगी। जनता और यात्रियों के लिए जो सभी प्लेटफार्मों पर नल बगैरह लगे हैं उनकी साद सफाई बिल्कुल नहीं होती। पानी भरा रहता है, काई लग रही है यात्रियों द्वारा फेंके हुए नमकीन के खाली पैकेट भी उसमें पड़े रहते हैं आखिर स्टेशन प्रबंधक क्या कर रहा है ।

स्टेशन की सफाई भी अस्त व्यस्त है। पता चला है सफाई कर्मचारी एक ही है जो कभी आता है कभी नहीं। लिहाजा श्रीधाम स्टेशन अपनी बेबसी पर आंसू बहाता रहता है। बाहर से यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है, जो देश का पांचवां धाम और हमारे जगद्गुरु स्वामी शंकराचार्य की तपोस्थली तथा मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी का प्रसिद्ध मंदिर भी इसी स्टेशन के समीप है, परंतु श्रीधाम स्टेशन की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, जिसे रेलवे के जवाबदार और वरिष्ठ अधिकारी भी नजरअंदाज करते नजर आ रहे हैं। ऐसा ट्रेन के यात्रा करते हुए यात्रियों में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

**रेल आहार का डिब्बा बंद** - श्रीधाम स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर रखा रेल आहार का डब्बा हमेशा बंद ही रहता है, जिसका लाभ यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है। क्या रेलवे ने प्लेटफॉर्म पर अतिक्रमण करके यह डिब्बा जिसे रेल आहार नाम दिया है, वो अतिक्रमण आहार बन गया है, जो कभी खुलता ही नहीं है। इसका ठेकेदार कौन है, किसी को पता ही नहीं है। ट्रेन के समय हो या बाद में यह 24 घंटे बंद ही रहता है, जिससे रेल यात्रियों को कोई सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं हैं।

अतः अच्छा होता कि रेल आहार का डब्बा खुलता और पीने के पानी से संबंधित नलों की साफ सफाई होती प्लेटफार्म पर झाड़ू लगती। अगर सफाई नहीं होती तो कैसे बनेगा हमारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत। रेल विभाग ध्यान दें।

# खाद के लिए किसान परेशान, बार-बार टोकन कटवाने और शुल्क देने विवश

## चमारी खुर्द सहकारी समिति में चार दिनों से खाद उपलब्धता वितरण में देरी



**छपारा, देशबन्धु।** जनपद क्षेत्र अंतर्गत चमारी खुर्द सहकारिता समिति में पिछले चार दिनों से खाद का स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद मशीन में अपलोड नहीं होने के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है।

वहीं इस मामले को लेकर किसानों का आरोप है कि खाद समिति में रखी हुई है, लेकिन तकनीकी प्रक्रिया पूरी नहीं होने से वितरण प्रभावित हो रहा है। वहीं यूरिया का वितरण निरंतर जारी है, किन्तु अन्य खाद के लिए किसान बार-बार समिति के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

खेती के इस महत्वपूर्ण समय में इस तरह की अव्यवस्था से किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है, साथ ही खाद के लिए किसान परेशान है,बार-बार टोकन कटवाने और शुल्क देने की मजबूर इससे किसान का समय और पैसा दोनों जा रहा हैं जिसको लेकर किसानों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की जा रही हैं।